## सार-समाचार

### त्याग के साथ वैराग्य भी हो : सुमित मुनि

**जोधपुर**, (कासं) । चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने अपने प्रवचन मे कहा कि श्रावक के जीवन में त्याग के साथ वैराग्य भी होना चाहिए। मन में सदा यह माने कि मैं कुछ नहीं। मेरा कुछ भी नहीं, एवं मुझे कुछ नहीं चाहिये। यह सब त्याग और वैराग्य से होता है। व्रतों के त्याग के साथ अगर वैराग्य नहीं होगा तो है यह द्रव्य त्याग है।हिंसा, अर्नथदण्ड पर दिल दुःखे,भीतर में हिंसा से दुख हो, रोना आ जाये तो वैराग्य माना जायेगा। वैराग्य होने पर जीव किसी के वशीभूत नहीं होगा। संसार के कार्य, रिश्वत, भ्रस्टाचार, गलत काम करने वालों के आगे सिर झुकाना नहीं पड़ेगा । आज तक संसार के लोगों की आज्ञा मानी लेकिन काम नहीं हुआ। मुझे कुछ नहीं चाहिये , इसमें वश में होने की कोई बात नहीं है। मैं कुछ नहीं तो फिर संसार में भटकने की जरुरत नहीं है। संसार का सुख माने तो खतरा ही है। हमको हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील परिठाह में वैराग्य आये तो सच्चा- श्रावक है। हमारी श्रद्धा शुद्ध हो तो फल मिलेगा। पाप से विरति होनी चाहिये।सुख से विरक्ति हो जाय तो उसको कभी भी रोना नहीं होगा। त्याग के साथ वैराग्य हो तो देवभव भी मिल जायेगा । वहां भी आसक्ति नहीं रहेगी। सोना हमेशा तपने पर निखारता है । तपने पर उसमें से कचरा व मैलापन हट जाता है। हम कहीं पर रहें ,वैराग्य में रहे। आज संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा, जेपीपी के राष्ट्रीय मंत्री गौतम सिंघवी, रवि बोहरा एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गौतम कोठारी सिंघनूर , (कर्नाटक) आचार्य पार्श्वचन्द्र म.सा. के दशनार्थ प्रस्थान किया।

### हरिनाम संकीर्तन यात्रा का स्वागत

**सायला**, (नि.सं.)। श्री योग वेदान्त सेवा समिति बाड़मेर एवं राजस्थान समिति सूरत के तत्वावधान में निकाली जा रही हरिनाम संकीर्तन यात्रा का बागोड़ा एवं आसपास के गांवों में भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने साधकों का पुष्प वर्षा, आरती और जयघोष के साथ अभिनंदन किया। समिति प्रवक्ता चम्पाराम ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य जनमानस में व्यसन मुक्ति, गौसेवा एवं भगवन्नाम जप के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि कीर्तन यात्रा के दौरान संत आशाराम बापू के साधकों ने वातावरण को हरिमय बनाते हुए भक्ति, सदाचार और सत्संग के संदेश दिए। प्रवक्ता ने बताया कि पूज्य बापू का संदेश है कि भगवन्नाम निर्मल, पूर्ण परब्रह्म और अमृतमय है; इसके स्मरण से अलौकिक सुख और आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। यात्रा के दौरान भक्तों द्वारा सत्साहित्य, कैलेंडर एवं प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। छह दिवसीय यह कीर्तन यात्रा बाड़मेर, जालोर, बालोतरा एवं आस-पास के क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। पूरे देश व विश्वभर में साधकों द्वारा हरिनाम संकीर्तन यात्रा, बाल संस्कार केन्द्र, विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य निर्माण शिविर, युवा तेजस्वी शिविर एवं चले स्व की ओर जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य समाज में संस्कार, सेवा और सद्भाव को बढ़ावा देना है। भक्ति प्रचार यात्रा क्रमशः बागोड़ा, सियावट, सुराणा, सायला, बावतरा, जीवाणा, पादरू, मिठोडा, धारणा, जगसा, बुड़ीवाड़ा और पादरड़ी खुर्द में संपन्न हुई, जहाँ श्रद्धालु जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### हादसों में दो युवकों की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । अलग-अलग हादसों में घायल दो युवकों की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शहर के देवनगर क्षेत्र में एक भवन की छत से युवक शराब के नशे में गिर गया। अस्पताल में उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। वहीं बासनी द्वितीय चरण में फै क्ट्री में काम करते एक श्रमिक की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव परिजन को सुपुर्द किए। देवनगर पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश के चचोड़ हाल देवनगर में रहने वाले 34 वर्षीय ब्रजेंद्र मोर्य पुत्र हरिप्रसाद ने अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया था। रात के समय में वह घर की छत से अनियंत्रित होकर गिर गया। उसे मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, अब उसकी मौत हो गई। उसके पिता हरिप्रसाद ने मर्ग में रिपोर्ट दी। दूसरी तरफ बासनी पुलिस ने बताया कि बिहार के बक्सर हाल सालावास रोड, वीर तेजाजी नगर में रहने वाला उपेंद्र सिंह यहां बासनी द्वितीय फेज में एक फैक्ट्री में काम करता था। उसकी अचानक से तबीयत बिगड़ने पर एम्स अस्पताल लाया गया। बाद में उसकी मौत हो गई। उसकी पत्नी शोभा देवी ने पुलिस में रिपोर्ट दी।

### दो सौ किलो पटाखों सहित युवक पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट में पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी में एक गाड़ी में भारी मात्रा में अवैध रूप से लादे पटाखें जब्त किए गए है। पुलिस ने गाड़ी से 2 क्विटंल पटाखें जब्त कर गाड़ी चालक के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम में केस बनाया है। आरोपी डांगियावास थाने के सामने पकड़ा गया। वह इतनी मात्रा में पटाखें कहां से और किससे लाया इस बारे में अग्रिम जांच की जा रही है। कमिश्नरेट की डांगियावास पुलिस ने गुरूवार रात में नाकाबंदी की थी। तब थाने के सामने ही एक कार को रूकवाया गया। गाड़ी को चैक करने पर उसमें भारी मात्रा में पटाखें मिले। प्लास्टिक कट्टों में लादे गए इन पटाखों का वजन करने पर यह 200.500 किलोग्राम मिले। इस पर गाड़ी सवार मालियों का उगना बास वार्ड नंबर 20 पीपाड़शहर निवासी पप्पूराम माली को पकड़ा और उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम में केस दर्ज कर लिया। थाने के हैडकांस्टेबल भागीरथ ने कार्रवाई को अंजाम दिया। अग्रिम जांच की जा रही है।

### गांजे के साथ युवक को पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के ओलंपिक तिराहा के समीप रेलवे स्टेशन रोड पर सुलभ कॉम्पलैक्स के निकट एक युवक को गांजे के साथ पुलिस ने पकड़ा। वह संभवत : गांजा बिहार से लेकर आया था। इस बारे में पूछताछ की जा रही है। सरदारपुरा थाने में एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि ओलंपिक तिराहा रेलवे स्टेशन रोड पर आए एक सुलभ शौचालय के पास में युवक के पास में गांजा होने की जानकारी मिली। इस पर थाने के एसआई दीपलाल वहां पहुंचे और युवक को दस्तयाब कर तलाशी में गांजा बरामद किया। आरोपी खगडिय़ा, बिहार हाल शुलभ शौचालय के पास रहने वाले सूरज कुमार पुत्र फंटूश शाह को गिरफ्तार किया गया। संदेह है कि गांजा बिहार से लेकर आया है। पुलिस हालांकि इस बारे में पूछताछ कर रही है। बता दें कि यहां रेलवे स्टेशन पर कई लोग झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहते है और नशे का भी कारोबार करते है। यहां रहने वाले लोगों को नशे का सेवन कराया जाता है।

### काश्तकारी कर रहे कृषक से मारपीट

**जोधपुर**, (कासं) । निकटवर्ती मथानिया के भैसेर कुतड़ी में कुछ लोगों ने खेत पर कार्य कर रहे एक काश्तकार के साथ मारपीट की। जिससे वह जख्मी हो गया। काश्तकार मालिक की तरफ से मथानिया थाने में कुछ लोगों को नामजद कर रिपोर्ट दी गई है। मथानिया पुलिस ने बताया कि भैसेर कुतड़ी माता की भाकरी में रहने वाले राणाराम पुत्र जेठाराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसने अपने खेत के लिए कालूराम को काश्तकार लगा रखा है। 22 अक्टूबर को मूलतः घड़ाव हाल भैसेर कुतड़ी निवासी धीरूराम, तातू, अक्की भाट आदि आए और काश्तकार कालूराम से मारपीट की जिससे वह जख्मी हो गया। संदेह है कि यह लोग काश्तकारी को लेकर नाराज चल रहे है। मथानिया पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ की है।

### गोदारा की ढाणी में अन्नप्राशन दिवस

**जालोर**, (नि.सं.)। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित पोषण अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्र गोदारा की ढाणी, पादरडी में शुक्रवार को 6 माह की रुचिता का अन्नप्राशन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सहायिका के निर्देशन में रुचिता को पहली बार खीर खिलाकर पूरक आहार की शुरुआत करवाई। इस अवसर पर माताओं को शिशुओं के सही पोषण, स्तनपान, साफ-सफाई एवं पूरक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आंगनवाड़ी सहायिका सुशीला ने बताया कि 6 माह की आयु पूर्ण होने पर बच्चों को स्तनपान के साथ-साथ घर पर बने पौष्टिक आहार दलिया, खिचड़ी, मूंग दाल, खीर आदि देना शुरू करना चाहिए। इससे बच्चों का संपूर्ण विकास होता है। इस कार्यक्रम में किशनाराम, पूनमाराम, रमेश, गोपीराम, धनाराम, धापूदेवी, परमेश्वरी, गुड़िया, समेत गोदारो की ढाणी की महिलाएं मौजूद रहे। सभी ने रुचिता को आशीर्वाद देते हुए उसके स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण पर चर्चा 27 को

**जालोर**, (का.सं.)। जिले में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण से संबंधित कार्य की समीक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समिति के अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर, सोमवार को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) डॉ. धनसिंह राजपुरोहित ने जानकारी दी।

# जालोर कलैक्टर ने लेटा में शिविर की व्यवस्थाएं देखी

**जालोर**, (नि.सं.)। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभांवित करने तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए शुक्रवार को जिले की 9 ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने लेटा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएँ देखी। उन्होंने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और बिन्दु एवं विभागवार प्रगति की समीक्षा की। मौके पर लाभार्थियों को मिनी बीज किट्स का वितरण किया।

उन्होंने प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और तत्काल निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा की केवल आवेदन भरने तक सीमित न रहें, आमजन की समस्याओं का संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के निस्तारण को लेकर फीडबैक लिया।

जिले में शुक्रवार को जालोर तहसील की लेटा व मेडाउपरला, आहोर तहसील की देच्छू, रानीवाड़ा तहसील की बामनवाड़ा व जाखड़ी, सांचौर तहसील की पमाणा व पांचला एवं चितलवाना तहसील की होतीगांव व रामपुरा ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन को राजस्व विभाग द्वारा लंबित फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करवाना, आपसी सहमति से विभाजन, किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कराना एवं किसान गिरदावरी के लिए प्रेरित करना, नामांतरण, मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र जारी करने, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों का सर्वे एवं विकास कार्यों की स्वीकृतियां जारी करने, पंचायती राज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के पट्टों हेतु आवेदन एवं वितरण, चिकित्सा विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, कैंसर व सिकल सेल रोग, स्क्रीनिंग, बच्चों का टीकाकरण, टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जांच एवं पोषण किट वितरण तथा पीएमजेवा कार्ड वितरण किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर और टीकाकरण, ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली से जुड़ी समस्याओं का समाधान, कृषि विभाग द्वारा बीज मिनी किट वितरण तथा आयोजना विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया। रसद विभाग द्वारा एनएफएसए के लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं पात्र परिवारों की आधार सीडिंग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री घुमंतु आवास योजना, छात्रावासों का रखरखाव, यूडीआ डी कार्ड बनाने इत्यादि कार्य किए गए।

शनिवार को इन ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

जिले में 25 अक्टूबर, शनिवार को जालोर तहसील की उम्मेदाबाद, रानीवाड़ा तहसील की आलड़ी व चितरोड़ी, सांचौर तहसील की प्रतापपुरा व पुर तथा चितलवाना तहसील की केरिया व रणोदर ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

## यादव ने देवड़ा में ग्रामीण शिविर का निरीक्षण किया

**बालोतरा**,(नि.सं.)। समदड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत देवड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर प्रशासनिक कुशलता और जनसेवा का बड़ा केंद्र बना। ,

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की उपस्थिति में इस शिविर में एक ही दिन में राजस्व, ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े सैंकड़ों मामले निपटाए गए, जिससे 78 से अधिक काश्तकारों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए।

शिविर में जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, उपखंड अधिकारी सुरेन्द्र सिंह खंगारोत, तहसीलदार शैतान सिंह, विकास अधिकारी करनाराम चौधरी, प्रशासक संगीता कुमारी, भंवरलाल बिश्नोई सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी, कार्मिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिविर में 15 लंबित बंटवारों का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया, जिससे 78 काश्तकारों को अपनी जमीन पर विधिक अधिकार प्राप्त हुआ। साथ ही 18 आवासीय पट्टे और तीन सरकारी कार्यालयों के पट्टे जारी कर स्वामित्व संबंधी आशंकाएं दूर की गईं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत 18 व्यक्तियों को जोड़कर उन्हें वृद्धावस्था में 3,000 मासिक पेंशन का संबल प्रदान किया गया। धारा 136 के तहत 40 प्रकरणों की शुद्धिकरण का कार्य पूर्ण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 304 पॉलिसी का वितरण किया गया।

बालोतरा जिला कलैक्टर यादव ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूरी प्रशासनिक टीम की सराहना की और ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

## बीमार महिला की अस्पताल में मौत, पीहर पक्ष ने जहर देने का आरोप लगााया

**जोधपुर**, (कासं) । शहर में पावटा सी रोड रहने वाली एक महिला को दो दिन पहले संदिग्ध हालात में मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसकी अब उपचार के बीच मौत हो गई। पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर जहर दिए जाने की आशंका में महिला थाना पूर्व में मामला दर्ज कराया है। मृतका का आज दोपहर बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। मामले में अग्रिम जांच की जा रही है।

महिला थाना पूर्व पुलिस ने बताया कि पाली जिले के रोहट थानान्तर्गत धरमधारी निवासी इंद्रजीत सिंह पुत्र अमरसिंह राजपुरोहित की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि घर की बच्ची खुशबू की शादी यहां जोधपुर में पावटा सी रोड पर रहने वाले हर्षित राजपुरोहित के साथ की गई थी। दो दिन पहले खुशबू के संदिग्ध हालात में एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराने की जानकारी हुई। इस पर परिजन पाली से जोधपुर पहुंचे।

पुलिस की अनुसार खुशबू की मथुरादास माथुर अस्पताल में उपचार के बीच आज सुबह मौत हो गई। उसके पीहर पक्ष का आरोप है कि उसे जहर देकर मारा गया है। मामले में जांच एसीपी पूर्व प्रतीक सिंह की तरफ से की जा रही है। मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मृत्यु के कारण का पता लग पाएगा। उसे जहर दिया गया या उसने खुद विषाक्त पदार्थ खाकर जान दी इस बारे में जांच के बाद ही पता लग पाएगा। जांच एसीपी पूर्व प्रतीक सिंह की तरफ से की जा रही है। शादी को कुछ समय ही हुआ था।

## 84 स्वामित्व कार्ड, 38 नए पट्टे दिए व 14 बंटवारे निपटाए

**बालोतरा**,(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जन कल्याणकारी पहल ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के तहत आज ग्राम पंचायत लालाणा में आयोजित शिविर ने राजस्व और सामाजिक सुरक्षा के मामलों का निस्तारण किया। शिविर में एक ही दिन में 84 स्वामित्व कार्ड और 38 नए पट्टे जारी किए गए।

लालाणा ग्राम पंचायत में आयोजित इस ग्रामीण सेवा शिविर में प्रशासनिक टीम ने समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों को हाथों-हाथ निपटाया। शिविर में कुल 84 लाभार्थियों को उनके भूखंडों के स्वामित्व कार्ड प्रदान किए गए, जिससे उन्हें कानूनी अधिकार प्राप्त हुआ। 4 सरकारी भवनों और 34 व्यक्तिगत भूखंडों के लिए कुल 38 नए पट्टे जारी किए गए।

18 व्यक्तियों को मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया, जिससे उन्हें वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा मिली।

14 लम्बित बंटवारों को आपसी सहमति से निपटाया गया। 70 राजस्व खातों में नाम या विवरण संबंधी शुद्धिकरण का कार्य हाथों-हाथ पूरा किया गया।

लालाणा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने एक ही छत के नीचे इतनी बड़ी संख्या में राजस्व और सामाजिक सुरक्षा संबंधी समस्याओं के निस्तारण पर राजस्थान सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। राजस्व और ग्रामीण विकास विभाग की तत्परता से गाांव के कई वर्षों पुराने मामले हल हुए हैं, जिससे किसानों और गरीब परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का रास्ता साफ हो गया है।

# मालाराम जिला टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन की एनुअल जनरल कौंसिल मीटिंग शुक्रवार को ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज परावा चितलवाना में एसोसिएशन के अध्यक्ष माला राम साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अध्यक्ष की अनुमति से एसोसिएशन सचिव लाल सिंह सांखला ने एजेंडे के अनुसार बिंदुओं को सदन में रखा, जिसे पदाधिकारियों ने सर्वसमति से पारित किया। जालोर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी प्रभुदान राव सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 21 अक्टूबर को सभी पदाधिकारियों ने निर्धारित समय पर नामांकन पत्र दाखिल किए। 22अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की गई। सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही एवं वैध पाए गए। 23 अक्टूबर को संघ के अध्यक्ष साहू ने सभी प्रत्याशियों को खेल हित को सर्वोपरि रखते हुए आपसी समन्वय एवं तालमेल बैठाकर नाम वापसी की अंतिम तिथि पर कई पदों पर दोहरे उम्मीदवारों से नामांकन पत्र वापिस लेने के आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर 24 अक्टूबर को समस्त पदों पर एकल प्रक्रिया में ही नामांकन पत्र शेष रहने पर संरक्षक पद पर पूर्व प्रधान पंचायत समिति सांचौर नरेन्द्र कुमार विश्नोई, अध्यक्ष पद पर सेठ मालाराम साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर जगदीश सारण दाता, उपाध्यक्ष के पदों पर हरि राम डारा,भंवर लाल डारा, रघुनाथा राम, मुकेश साहू, मून सिंह राठौड़, सचिव के पद पर लाल सिंह सांखला, सयुंक्त सचिव के पदों पर गणपत लाल बिश्नोई,भागीरथ बिश्नोई,चुन्नी लाल डऊकिया,भागीरथ गर्ग, शैलेन्द्र सिंह सांखला कोषाध्यक्ष के पद पर जितेन्द्र सिंह सांखला को नियुक्त किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के पद पर भीखा राम गुरु हरि राम साहू,भगा राम बिश्नोई,माँगी लाल बिश्नोई, पूनमा राम फौजी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ़ आउटस्टैंडिंग मैरिट के अंतर्गत हर्षिता कुमारी तथा माला राम कड़वासरा एथलीट्स कमीशन में यामिनी चौहान और मनोहर लाल का मनोनयन किया गया । प्रभुदान राव चुनाव अधिकारी ने चुनाव कार्यक्रम के बाद परिणामों की घोषणा के साथ ही चुनाव प्रमाण पत्र ऑब्जर्वरों के सामूहिक हस्ताक्षर करवाकर चुनाव प्रमाण पत्र नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों को सुपुर्द किए गए।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सेठ मालाराम साहू ने परावा के ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज में दो टेनिस कोर्ट निर्माण करवाकर शीघ्र राज्य स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता आयोजित कराने की घोषणा की। मंच संचालन घेवर चंद बिश्नोई द्वारा किया गया। किशन लाल सारण, शंकरा राम डारा, छगन लाल ठकरा राम, सुरजन राम साऊ, हरीश साहू, डॉ भागीरथ राम, मोहन लाल साऊ, गणपत लाल साऊ, भजन लाल, नरपत देवासी आदि मौजूद रहे।

## छैल कंवर को पट्टा प्राप्त

**बालोतरा**, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की जन कल्याणकारी पहल ग्रामीण सेवा शिविर ने ग्राम पंचायत मेवानगर की निवासी छैल कंवर पत्नी आम्ब सिंह के जीवन में खुशी ला दी है। शिविर में उन्हें उनके आवासीय भूखंड का पट्टा/स्वामित्व कार्ड प्राप्त हुआ, जिसने उनकी वर्षों पुरानी चिंता को दूर कर दिया।

पट्टा प्राप्त करने के बाद छैल कंवर ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए सिर्फ एक कागज नहीं, बल्कि मेरी वर्षों पुरानी आशा और सपनों की पूर्ति है। उन्होंने बताया कि आधिकारिक दस्तावेज न होने के कारण उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ भी नहीं मिल पा रहा था।

उन्होंने कहा कि अब जब मुझे मेरा भूखंड का स्वामित्व कार्ड मिल गया है तो मैं अपने परिवार को एक सुरक्षित भविष्य देने में सक्षम हो गई हूँ। इस उपलब्धि से उनके मन में आत्मविश्वास बढ़ा है और उनके बच्चों के जीवन में भी स्थिरता का भाव आया है। अब यह परिवार निश्चिंत होकर अपने घर का सपना पूरा कर सकता है।

## राज्यपाल ओम माथुर का पाली दौरा 27 को

**पाली**, (नि.सं.)। सिक्किम राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर 27 अक्टूबर को पाली जिले के दौरे पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार सिक्किम राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर 27 अक्टूबर को प्रात: 03:48 बजे फालना स्टेशन पहुंचेगे तथा वे यहां से प्रात: 4 बजे रवाना होकर सवेरे 4.15 बजे माथुर कृषि फार्म बेडल पहुंचेगे।

वहीं राजस्थान वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ खानू खान बुधवाली 26 अक्टूबर को सोजत आएंगे।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार राजस्थान वक्फ बोर्ड अध्यक्ष बुधवाली 26 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे डीडवाना से प्रस्थान कर सायं 7 बजे सोजत पहुंचेगे जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। वे 27 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे सोजत से रोलसाबसर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री जैसलमेर आएंगे

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा शनिवार, 25 अक्टूबर को जैसलमेर आऐंगें एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगें।

खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा शनिवार को प्रात:11बजे रामदेवरा पंहुचेंगे एवं लोक देवता बाबा रामदेव जी की समाधि के दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे। खाद्य आपूर्ति मंत्री प्रात: 11.30 बजे रामदेवरा से जैसलमेर के लिए प्रस्थान करेंगे। जैसलमेर पहुंचकर दोपहर 1.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जैसलमेर जिले के खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2.45 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। साथ ही, खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगें एवं रविवार, 26 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# नशा तस्करी के आरोपी का आलीशान बंगला फ्रीज

**बालोतरा**, (नि.सं.)।बालोतरा जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्वाई करते हुए, तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति को फ्रीज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) रमेश आईपीएसके निर्देशन में, तस्कररामनारायण उर्फ मनकाके पैतृक गांव डोली कल्ला स्थित आलीशान आवासीय भवन (बंगला) को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेज एक्ट की धारा 68 एफ (2) के तहत फ्रीज कर दिया गया है।

### नई दिल्ली से फ्रीज करने का आदेश

एसपी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय और महानिरीक्षक पुलिस रेंज जोधपुर के निर्देश पर, मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित अवैध संपत्तियों को फ्रीज करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा रामनारायण उर्फ मनका के विरुद्ध एक्ट की धारा 68 एफ (2) के तहत संपत्ति फ्रीज करने का प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक, एनडीपीएस एक्ट,नई दिल्ली, भारत सरकारको भेजा गया था। सफलता:सक्षम प्राधिकारी द्वारा गहन विश्लेषण के बाद अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को फ्रीज करने के आदेश जारी किए गए। आदेश की पालना में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालसिंह भाटी आरपीएस और वृताधिकारी पचपदरा अशोक जोशी आरपीएस के सुपरविजन में, थानाधिकारी कल्याणपुर बुद्धाराम निपु. के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डोली कल्ला स्थित तस्कर के आलीशान बंगले को फ्रीज कर दिया।

रामनारायण उर्फ मनका को पुलिस थाना पचपदरा द्वारा12 फरवरी 2023को148 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्तके साथ गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान स्थिति:वह वर्तमान में केन्द्रीय कारागृह जोधपुर में न्यायिक हिरासत में है। आरोपी रामनारायण का पिता कन्हैयालाल भी थाना कल्याणपुर का हिस्ट्रीशीटर है, जो फिलहाल चित्तौड़गढ़ के बेगू थाने के एक मामले मेंफरारचल रहा है। संपत्ति निर्माण:जांच में यह पाया गया कि रामनारायण उर्फ मनका लंबे समय से मादक पदार्थ तस्करी के अवैध धंधे में सक्रिय था और उसने यह आलीशान आवासीय भवन अवैध रूप से अर्जित धनसे बनवाया था। बालोतरा पुलिस की प्रभावी कार्रवाई, मादक पदार्थ तस्करों की कमर तोड़ने और अवैध रूप से अर्जित संपत्ति जब्त करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता है।

## बिहार में फिर से एन.डी.ए. की सरकार बनेगी : अर्जुनराम मेघवाल

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि बिहार में एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास और सुशासन पर चुनाव लड़ रहा है। वहां एनडीए चुनाव जीतेगा। लालू यादव के समय बिहार में जंगलराज था, जो सबने देखा है। नीतीश कुमार के सुशासन में वहां विकास हुआ है। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने यह बात जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कही। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शुक्रवार को जोधपुर प्रवास पर थे।

मेघवाल ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों की पार्टी है। इसमें सभी को समान अवसर मिलते हैं। चाहे वह युवा हो, महिला हो या कोई अन्य।

लोक गायिका मैथिली ठाकुर के चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनका प्रचार अच्छा चल रहा है और वे चुनाव जीतेंगी। महागठबंधन द्वारा तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के सवाल पर मेघवाल ने कहा कि इस मामले में जो मैं पढ़ रहा हूं, वह कुछ और है। कई कांग्रेसी मित्र इसको लेकर अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं, लेकिन यह उनका अंदरूनी मामला है।

मेघवाल ने कहा कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बिहार को दिए गए फंड का विकास में उपयोग किया है, जो आज नजर भी आ रहा है। लालू प्रसाद यादव के राज में वहां प्रति व्यक्ति आय भी खत्म हो गई थी, जो अब बढ़ चुकी है, इसलिए बिहार का चुनाव एनडीए जीतने जा रहा है और वहां एनडीए सरकार बनेगी। क्या एनडीए मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित करेगा, इस पर मेघवाल ने कहा कि अभी हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं।

# पाली में माहेश्वरी समाज ने अन्नकूट महोत्सव मनाया

**पाली**, (नि.सं.)। श्री माहेश्वरी समाज, पाली द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरा और आस्था के संगम के रूप में भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया।

आयोजन स्थल शिव वाटिका प्रांगण में सायं 6:30 बजे भगवान श्रीकृष्ण की महा आरती के साथ आरंभ हुआ। यह कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण बन गया।

पूरे परिसर में गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण के जयघोष गूंज उठे जब भगवान को छप्पन भोग (56 भोग) का प्रसाद अर्पित किया गया। आरती और भोग के पश्चात श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धार्मिक उल्लास का अनुभव किया।

समाज प्रवक्ता महेश कुमार सारडा ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव समाज के लिए केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारी एकता, परंपरा और आपसी प्रेम का प्रतीक है। इस कार्यक्रम का इंतजार पूरे वर्षभर सभी समाजबंधुओं को रहता है। उन्होंने बताया कि समाज के जो सदस्य शहर से बाहर रहते हैं, वे भी विशेष रूप से पाली पहुंचकर आयोजन में भाग लेते हैं और भगवान श्रीकृष्ण का प्रसाद ग्रहण करते है।

आयोजन को भव्य और सफल बनाने में समाज अध्यक्ष रवी मोहन भूतड़ा, उपाध्यक्ष दिलीप सारडा, सचिव भुवनेश काबरा, सहसचिव नीरज राठी, कोषाध्यक्ष शरद कालानी, सह कोषाध्यक्ष सुशील भट्टड़, राधेश्याम बिहानी, जगदीश लोहिया, रामकिशोर साबू, जेठमल चांडक, शिवप्रसाद झंवर, श्यामसुंदर तापड़िया, प्रवीण तोषनीवाल, विपिन माछर ने अपनी पूरी निष्ठा से जिम्मेदारियाँ निभाईं।

महिला शक्ति की भागीदारी भी विशेष रूप से देखने को मिली। माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष शांति कास्ट एवं सचिव आशा भूतड़ा ने महिला सदस्यों के साथ मिलकर आयोजन में सहयोग दिया।

वहीं, माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष तरुण तोषनीवाल तथा सचिव विनम्र राठी ने युवाओं की सक्रिय टीम के साथ प्रबंधन कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर प्रसादी का वितरण किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में श्रद्धा अर्पित की।

## मन की बात कार्यक्रम 27 को

**जालोर**,(का.सं.)। भारतीय जनता पार्टी जालोर अपने संगठनात्मक दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए जन-जन तक पार्टी की विचारधारा पहुँचाने में निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में जिले में आगामी 27 अक्टूबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी का सामूहिक श्रवण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने हेतु पार्टी द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है।

जिला संयोजक सुरेश सोलंकी के निर्देशन में प्रत्येक मंडल और सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। कार्यक्रम के पूर्व दो जीवन बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बूथ स्तर तक की रणनीति, जनसंपर्क की रूपरेखा और प्रतिभागियों के समन्वय पर विस्तार से चर्चा होगी।

## हर्षिता को दी बधाई

**जालोर** , (का.सं.)। जालोर क्रीड़ा भारती की खिलाड़ी हर्षिता कटारिया का मुई थाई एशियन यूथ गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करने पर शुक्रवार को खेल संघों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

ओलंपिक संघ के सचिव भागीरथ गर्ग ने बताया कि 3 एशियन यूथ गेम्स में इंडिया मुई थाई एसोसीयेशन के द्वारा जालोर की क्रीड़ा भारती की प्रतिभावान खिलाड़ी हर्षिता कटारिया का इंडिया मुई थाई के सचिव श्रीराम चौधरी द्वारा चयन कर देश का प्रतिनिधित्व करने से जालोर जिले के लिए गौरव की बात है। जालोर के इतिहास में पहली महिला खिलाड़ी जो एशियन यूथ गेम्स में भाग ले रही है जिससे जालोर के लिए गर्व की बात है। हर्षिता जालोर में भगतसिंह क्रीड़ा स्थल पर नियमित रूप से दिन में 4 घंटे मेहनत करती है । हर्षिता कटारिया ने गंगानगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुई थाई में गोल्ड मेडल जीता वही हिसार हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर वर्ल्ड मुई थाई के लिए चयन किया गया। एशियन यूथ गेम्स के लिए भी चयन किया गया ,हर्षिता ने स्कूल खेल में मुक्केबाजी में गोल्ड मेडल जीतकर बेस्ट बॉक्सर का खिताब भी जीता ।इस तरह की प्रतिभा का जालोर जैसे छोटे शहर से निकलकर देश का प्रतिनिधित्व करना जालोर के लिए बड़ी उपलब्धि है।

हर्षिता के एशियन यूथ गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करने पर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष प्रकाश विश्नोई, महासचिव लालसिंह सांखला, टेबल टेनिस संघ के सचिव नाथू सोलंकी, जूडो के सचिव ओमप्रकाश परमार, थान ता के सचिव ओमप्रकाश गर्ग, योगा के मंगल सिंह बालोत, तलवारबाजी के जोगाराम मीणा आदि ने बधाई दी।